भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जनपद-अलीगढ़

जिला मुख्यालय/कार्यालय : बाबू लाल जैन इण्टर कॉलिज
अलीगढ़ (उ0प्र0) 202001
ईमेल : upbsgaligarh@gmail.com

दिनांक : 16/10/2023

पत्रांक सं0 : BSGALG- 46-47 /2023-24

सेवा में,
श्री श्याम कुन्तैल,
प्रधानाचार्य,
ब्रिलिएण्ट पब्लिक स्कूल,
जनपद–अलीगढ़।

विषयः– सी.बी.एस.ई. विद्यालयों में स्काउट–गाइड गतिविधियां आयोजित करानें के सम्बंध में।

महोदय,

आपको अवगत कराना है कि केन्द्रीय मध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पत्र संख्या ए.सी.ए.डी. 64/2022 दिनांक– 07 जून, 2022 (संलग्न 01) द्वारा सी.बी.एस.ई. विद्यालयों में स्काउट–गाइड गतिविधियों को संचालित करनें हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये गये, जिसके कम में प्रादेशिक मुख्यायुक्त भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0 के पत्रांक संख्या ओ.एस.डी./सी.बी.एस.ई./496/2022–23, दिनांक– 02 जुलाई, 2022 (संलग्नक 02) द्वारा समस्त जिला मुख्यायुक्त भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0 को जनपद के समस्त सी.बी.एस.ई. विद्यालयों में कब/बुलबुल एंव स्काउट/गाइड के दल/कम्पनी का पंजीकरण कराते हुए स्काउट–गाइड की गतिविधियों को गति प्रदान करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये है।

इसी कम में आपको जिला संस्था द्वारा जनपद में सहायक जिला आयुक्त (स्काउट) मनोनित किया गया है, जिसके लिये आपको हार्दिक बधाई एंव शुभकामनाएं।

इस सम्बंध में आपको अवगत कराना है कि सी.बी.एस.ई. स्कूलों के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्यो की कार्यशाला आपके विद्यालय ब्रिलिएण्ट पब्लिक स्कूल अलीगढ में दिनांक– 18 अक्टूबर, 2023 दिन– बुधवार को प्रातः 10:00 बजे आयोजित की गई है, जिसमें संस्था के उद्देश्यों एंव दल/कम्पनी के पंजीकरण कराने व लीडर को प्रशिक्षित करने आदि के बारे में बताया जा सके।

इसके साथ ही जिला संस्था तथा सी.बी.एस.इ. स्कूलों में समन्वय बनाने के लिए समन्वयक की भी नियुक्ति कर ली जाए जिससे स्काउट/गाइड की गतिविधियां सुचारू रूप संचालित होती रहें।

स्काउट भावना सहित।

भवदीय,

जिला सचिव
भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0
जनपद–अलीगढ़।

16/10/2023
जिला विद्यालय निरीक्षक/
जिला मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0
जनपद–अलीगढ़।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1. संयुक्त शिक्षा निदेशक, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़।
2. सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़।
3. समस्त पदाधिकारीगण, जिला संस्था अलीगढ़ को इस आशय से प्रेषित की उक्त कार्यकम में अपना सहायोग प्रदान करनें हेतु। सहयोग हेतु D.O.C.(S/G) एवं D.T.C.(S/G) को उक्त तिथि के लिए सम्बन्धित प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या कार्य मुक्त करें।

जिला सचिव
भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0
जनपद–अलीगढ़।

जिला विद्यालय निरीक्षक/
जिला मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0
जनपद–अलीगढ़।